ई–मेल / फैक्स
महत्वपूर्ण / समयबद्ध

प्रेषक,

आयुक्त एवं सचिव
राजस्व परिषद, उ0प्र0
अनुभाग–4, लखनऊ।

सेवा में,

समस्त मण्डलायुक्त,
उत्तर प्रदेश।

संख्या–2018/4–35एफ/2018 दिनांक 18 अप्रैल, 2019

विषय– दिनांक 01.01.1986 से 31.12.2005 तक मौलिक रूप नियुक्ति लेखपालों की अंतिम ज्येष्ठता प्रदेश स्तरीय ज्येष्ठता सूची प्रकाशित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि "उत्तर प्रदेश अधीनस्थ कार्यपालक (राजस्व निरीक्षक) सेवा नियमावली–2017" में विहित व्यवस्था के अनुसार राजस्व निरीक्षक के पद पर पदोन्नति हेतु लेखपालों की प्रदेश स्तरीय ज्येष्ठता सूची का प्रकाशन किया जाना है। अतः आपसे अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ जनपदों में दिनांक 01.01.1986 से 31.12.2005 तक मौलिक रूप से नियुक्त लेखपालों की मण्डल स्तरीय संयुक्त निर्विवाद अंतिम ज्येष्ठता सूची निम्नांकित प्रारूप पर राजस्व परिषद अनुभाग–4 के ई–मेल (anubhag004@gmai.com) पर दिनांक 08.05.2019 तक उपलब्ध कराएं। साथ ही ज्येष्ठता सूची की स्वाहस्ताक्षरित प्रति हार्ड कापी के माध्यम से परिषद को उपलब्ध कराने का कष्ट करें। उक्त सूचना को एक्सेल शीट पर फीड कराते हुए साफ्ट कापी में भी उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

लेखपालों की प्रदेश स्तरीय ज्येष्ठता सूची का प्ररूप

| क्रमांक | लेखपाल का नाम | पिता का नाम | गृह जनपद | तैनाती जनपद का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | | |

| जन्म तिथि | लेखपाल के पद पर मौलिक नियुक्ति का दिनांक | स्थायीकरण की तिथि | लेखपाल के पद पर प्रशिक्षण का वर्ष | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| | | | | |

भवदीय,

(कुमार विनीत)
प्रभारी अधिकारी,
कृते आयुक्त एवं सचिव।

**संख्या व दिनांक उपरोक्तानुसार।**

प्रतिलिपि समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश को इस आशय से प्रेषित कि कृपया दिनांक 01.01.1986 से दिनांक 21.12.2005 तक मौलिक रूप से नियुक्त लेखपालों की अंतिम निर्विवाद ज्येष्ठता सूची तत्काल सम्बन्धित मण्डलायुक्त को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

(कुमार विनीत)
प्रभारी अधिकारी,
कृते आयुक्त एवं सचिव।